n style='mso-tab-count: 1'>

Title: Need to construct a rail over bridge on level crossing No. 30 at Makronia-Baheria section in Sagar parliamentary constituency, Madhya Pradesh.

श्री भूपेन्द्र सिंह (सागर): सागर संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 86 पर वाहनों के आवागमन में लगातार वृद्धि हो रही है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग जबलपुर, कानपुर सहित फोरलाइन कोरीडोर और बुंदेलखंड के पांचों जिलों को जोड़ता है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 86 के मकरोनिया-बहेरिया खंड के बीच इंजीनियरिंग कॉलेज, उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा के अनेक प्राइवेट संस्थान, औद्योगिक क्षेत्र सिद्गुवां, मकरोनिया रेलवे स्टेशन, निजी अस्पताल इत्यादि होने से उक्त सड़क मार्ग पर वाहनों के आवागमन में वृद्धि हुई है। इस खड के बीच रेलवे समपार क्रमांक 30, किलोमीटर 1056/1-2 पड़ता है, जहां रेलवे फाटक दिनभर में अधिकांश समय बंद रहता है। जिस कारण फाटक के दोनों तरफ वाहनों का जाम लगा रहता है और नागरिकों को अत्यधिक परेशानी हो रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग के इस खंड में यातायात को सुगम बनाने के लिए लंबे समय से रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज निर्माण की मांग की जा रही है। पूर्व में मेरे द्वारा लोकसभा में प्रश्न उठाने पर उत्तर दिया गया था कि ओवर ब्रिज निर्माण हेतु डिजाइन के टेंडर लग गए हैं। लेकिन ओवर ब्रिज निर्माण हेतु अब ताकि कोई प्रगति नहीं हुई है। जबकि नागरिकों की समस्याओं को देखते हुए ओवर ब्रिज का शीघ्र निर्माण किए जाने की आवश्यकता है।